भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) का न्यूज लेटर

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विक्रम सम्वत् - 2080 मासिक पत्र: दिसंबर 2023 | पृष्ठ: 4 | दिल्ली

# भिवानी गौरव सम्मान-2023

13 नवंबर 2023 भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा भिवानी गौरव सम्मान-2023 का आयोजन श्री खाटूश्याम धाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 हस्तियों को भिवानी गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन व प्रमोद शर्मा ने किया। इस अवसर पर हरियाणवी संस्कति से जुड़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा सोनीपत से पधारे श्रीभगवान दीक्षित एवम उनके कलाकारों द्वारा बिखेरी गई।

भिवानी गौरव सम्मान 2023 के पहला सत्र सूरजभान बगडिय़ा की स्मृति में प्रहलादगढ़ के डाक्टर दिलीप सिंह को लोकप्रशासन के लिए चौ. बंसीलाल सम्मान, नारायणी देवी महाबीर प्रसाद भग्गनका ओजस्विनी सम्मान डा. कामना कौशिक को, साहित्य में श्रीमाधव मिश्र सम्मान डा. पुरूषोत्तम पुष्प को, दूसरा सत्र लाला शिवलाल सर्राफ स्मृति सत्र में पंडित गोपाल कृष्ण सम्मान भित्ति चित्र पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले रामप्रताप वर्मा को, खेल के क्षेत्र में श्री सुरजीत सिंह सम्मान सुरेंद्र लोहिया को, शिक्षा के क्षेत्र में श्री रामकृष्ण गुप्ता सम्मान त्रिलोकचंद गोयल को, तीसरा सत्र लाला रामचंद्र जैन स्मृति सत्र में सेवा के लिए श्री फकीरचंद सम्मान चरखी दादरी के भूपेंद्र जैन को, राष्ट्र सेवा के लिए पंडित नेकीराम शर्मा सम्मान आई ए एस रवि दाधीच को, पत्रकारिता में बाबू बनारसी दास गुप्ता सम्मान पत्रकार धर्मेंद्र यादव को प्रदान किया गया।

भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा भिवानी गौरव सम्मान समारोह में परमसंत हुजूर कंवर साहेब महाराज का सान्निध्य व उद्बोधन रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में हुजूर कंवर महाराज ने भिवानी परिवार मैत्री संघ के द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की प्रशंसा की। इस अवसर पर संजय जैन, दिनेश गुप्ता, हंसराज रल्हन, पवन मोडा, मनीष गोयल, विनय सिंघल, मीनाक्षी गर्ग,पूजा बंसल, अजय बनारसीदास गुप्ता, सुरेश तायल, जगदीश मित्तल, आर के अनायत, नवल किशोर गोयल, छोटूराम, ब्लिट्ज के संपादक गुलशन वर्मा, बाली शर्मा धारेडू , सत्यनारायण यादव, श्रीभगवान दीक्षित, संजय गोयल, पवन गोयल, जगत नारायण भारद्वाज, भागीरथ शर्मा, शिवराज भारद्वाज, डा. बुद्धदेव आर्य,राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक भारद्वाज, रणविजय सिंह तंवर, राजकुमार डुडेजा, रमेश गुप्ता समेत कई संस्थाओं के प्रतिनिधि जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।


















# निःशुल्क नेत्र जांच, ऑप्रेशन व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 7.0

भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के प्रांगण में हर माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किए जाने वाले आंखों की जांच व मोतियाबिंद लैंस निशुल्क ऑपरेशन व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के सातवें चरण में 300 मरीजों ने कूपन प्राप्त कर निशुल्क कैंप का लाभ उठाया। कैंप का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कैंप में भागीदारी करने वाले महिला व पुरुष मरीजों ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ अपनी जांच शुरू करवाई। इस अवसर पर कैंप में आंखो की जांच व सर्जरी के लिए गुरुग्राम के इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप की जांच के लिए राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर दिल्ली के चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में श्री मामनचंद गुप्ता,श्री संजय गुप्ता, श्री जगत नारायण भारद्वाज, डॉ बुद्धदेव आर्य, श्री कमल गोयल एवं श्रीमती पूजा बंसल का विशेष योगदान रहा।














भिवानी परिवार मैत्री संघ

गूंज..
GOONJ.. a voice, an effort
www.goonj.org




BPMS लाइब्रेरी को अब गूंज द्वारा
**DROPPING CENTRE**
चयनित किया गया है।

आपके घर का कोई भी सामान जो आपके लिए अनुपयोगी हो, यहाँ छोड़ सकते है।

स्थानः BPMS लाइब्रेरी, प्रशांत विहार रोड़, नजदीक सीता अपार्टमेंट, सेक्टर–14, रोहिणी, दिल्ली–85.
समयः सोमवार से शनिवार, प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक

संपर्कः
संजय गुप्ता 9996543802 | शिवराज भारद्वाज 9711607171 | नीतू नागपाल 9999305530

भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) की मुख्य मासिक पत्रिका
BPMS NEWS
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्
सम्पादक
जगत नारायण भारद्वाज
सह–सम्पादक
सुनीता शर्मा व मनीष गोयल
प्रबंध–सम्पादक
सुश्री मंजीत मरवाहा
कार्यालय
भिवानी परिवार मैत्री संघ, पंजीकृत (BPMS)
BPMS Library, प्रशांत विहार रोड, नजदीक सीता अपार्टमेंट, सेक्टर 14, रोहिणी, दिल्ली-85
दूरभाष : 9999305530, E-mail: admin@ebhiwani.com
http://www.ebhiwani.com

# जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं



1 DEC
श्री विपिन भगेरिया
(संरक्षक)



2 DEC
श्री संजय जैन
(कोषाध्यक्ष BPMS)



3 DEC
भिवानी गौरव
श्री डी.सी. अग्रवाल



4 DEC
भिवानी गौरव
श्री हरीकृष्ण चौधरी



5 DEC
श्री ब्रह्म सरूप गुप्ता
(संरक्षक)



5 DEC
श्री सतीश कुमार गुप्ता
(संरक्षक)



7 DEC
श्री नवीन मित्तल
(संरक्षक)



9 DEC
भिवानी गौरव
श्री एम एस श्योराण



10 DEC
भिवानी गौरव
डॉ. बुद्धदेव आर्य



10 DEC
श्री निशांत मित्तल
(संरक्षक)



10 DEC
श्री हंसराज रल्हन
(उपप्रधान BPMS)



15 DEC
श्री सत्यदेव चौधरी
(संरक्षक)



16 DEC
भिवानी गौरव
डॉ. विभा भारद्वाज



24 DEC
श्री विनोद देवसरिया
(कार्यकारिणी सदस्य)



28 DEC
श्री पंकज जैन
(संरक्षक)



29 DEC
भिवानी गौरव
श्री रमाकांत शर्मा

# स्मृति शेष




लाला हरीकृष्ण जी का जन्म २८ सितंबर १९५४ को लाला रामेश्वर दास एवं श्रीमती सरबती के घर गाँव सीसर, खरबला में हुआ। लाला जी के ५ भाई और १ बहन के परिवार में अपने पिता की मझली संतान थे। १०वीं तक की मेट्रिक की पढ़ाई उन्होंने सीसर गाँव के सरकारी स्कूल से पूरी की और भिवानी लाला रामभजन अग्रवाल को अपना गुरु बनाया और उनसे कपड़ा व्यवसाय सीखा। लाला रामभजन अग्रवाल जी दिल्ली क्लॉथ मिल के भारत के सबसे बड़े डिस्ट्रिब्यूटर थे। उनके पास काम सीखकर आपने रोहतक और भटिंडा में भी कपड़े के काम का विस्तार किया। आपका विवाह ११ दिसम्बर १९७१ में दिल्ली में श्रीमती गायत्री अग्रवाल से हुआ। आपके २ पुत्र श्री अमित-ऋतु अग्रवाल, श्री सुमित-निधि अग्रवाल एवं १ पुत्री श्रीमती शालू-धर्मेन्द्र गोयल है। आपने १९९० में गायत्री एजेन्सीस की स्थापना की।

लाला जी बचपन से ही धार्मिक स्वभाव के थे। संतों की सेवा में उनकी विशेष रुचि थी। गौसेवा, पशु पक्षियों की सेवा, जल सेवा, मंदिर सेवा के लिए हमेशा दान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने धार्मिक स्थानों पर जाकर महामृत्युंजय पाठ के अनेक अनुष्ठान करवाए। यज्ञ में भी लाला जी बहुत रुचि रखते थे। पूज्य कौशलेन्द्र जी महाराज के मार्गदर्शन में बड़े-बड़े यज्ञों में सहभागी बनें। आप भिवानी परिवार मैत्री संघ के कार्यकारिणी के सदस्य रहे। भिवानी परिवार मैत्री संघ में सब उन्हे चाचा जी के नाम से पुकारते थे। bpms के माध्यम से जल सेवा के लिए आपने अनेक प्याऊ निर्माण किए। लाला जी चेतना के विशिष्ट संरक्षक थे और हर वर्ष रोहिणी के होटल क्राउन प्लाज़ा में आपके माध्यम से एक वैचारिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाता था। संक्षिप्त बीमारी के बाद लाला जी ने २५ नवंबर २०२३ को संसार को विदा कह दिया

भिवानी परिवार मैत्री संघ के स्तम्भ लाला हरीकृष्ण अग्रवाल जी को विनम्र श्रद्धांजलि

# स्व0 श्री गणेशदत्त जी आर्य वानप्रस्थी का जीवन परिचय



आपका जन्म तत्कालीन पश्चिमी पंजाब के जामपुर नगर जिला डेरा गाजीखां में श्री लालचंद जी के घर 7 अगस्त 1889 को हुआ। उन दिनों वहां पर आर्य समाज और ऋषि दयानंद के विचारों का खूब प्रचार था।आप स्वामी श्रद्धानंद के भाषणों से काफी प्रभावित हो गए थे और बचपन से ही संध्या, हवन करने में रुचि लेने लग गए।

यह एक कीर्तिमान ही था कि आप 11 वर्ष की अल्पायु में ही आर्य समाज के मंत्री बन गए। 1947 में भारत विभाजन के समय सारी संपत्ति, जमीन जायदाद वहीं छोड़कर आप भिवानी में आकर बस गए। आपकी इकलोती संतान श्री वासुदेव आर्य थे।

आपने भिवानी आकर आर्य समाज जामपुर का क्लेम जालंधर कमिश्नर से किया और अपने अथक प्रयासों से आर्य समाज कृष्णा नगर भिवानी की स्थापना करके एक महत्वपूर्ण कार्य किया। आप अनेक वर्षों तक आर्य समाज के प्रधान रहे। आपने आर्य समाज के प्रचार प्रसार के लिए लाखों छोटे ट्रैक्ट व पोस्टर मुफ्त बांटे। हरियाणा, पंजाब तथा दिल्ली में वेदों के उपदेश व प्रचार खूब किया।

आप आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब,आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा तथा आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली से जुड़े रहे। सन् 1957 में हिंदी आंदोलन के दौरान आप अपनी पत्नी के साथ हिसार जेल में दो महीने तक रहे। सन् 1962 में आपने महात्मा आनंद भिक्षु जी से वानप्रस्थ आश्रम की दीक्षा ली और भिवानी छोड़कर दिल्ली के आर्य समाज दीवान हॉल के पुरोहित बन गए। इसके बाद आर्य समाज पुलबंगश (सब्जी मंडी) व आर्य समाज मॉडल टाउन के पुरोहित (धर्माचार्य) रहे।आपने 18 वर्षों तक दिल्ली में आर्य समाज व वेदों का प्रचार किया। इस दौरान आपने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में 22 नए आर्यसमाजों की स्थापना की।

आपको दक्षिणा में जो राशि मिलती थी, उस राशि को सामाजिक संस्थाओं व आर्य गुरुकुलों में दान कर देते थे तथा वेद प्रचार में लगा देते थे।



सन् 1980 में जब बीमार रहने लगे तो वापिस भिवानी आकर रहने लगे। ठीक होने के बाद जीवन पर्यंत भिवानी में रहकर आर्यसमाज के माध्यम से वेदों का प्रचार करते रहें।

आप दानशील, समाजसेवी,योगी, अध्यनशील, लेखक एवं सादा जीवन वाले व्यक्तित्व के धनी थे।

आपके सुपुत्र स्व० श्री वासुदेव आर्य ने भी सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में रहकर समाज की भरपूर सेवा की है। उनका निधन छोटी अवस्था में 16 दिसंबर 1971 को हो गया था। उनके कार्यों को भिवानी की जनता आज तक याद करती है। उनके सुपुत्रों द्वारा भी समाज सेवा के कार्यों में अभिवृद्धि की जा रही है। यह गौरव की बात है।

आपका देहांत 26 जुलाई 1989 को भिवानी में हुआ। सौ वर्ष पूरे होने के कुछ दिन ही बाकी थे। आप जीवन भर महाशय जी के नाम से विख्यात थे। इस आलेख को पूर्ण कराने में पूज्य गणेश दत्त जी के सुपौत्र श्री वीरेंद्र कुमार आर्य का योगदान रहा है।


**जगत नारायण भारद्वाज**

## बीपीएमएस की सेवा समितियां

| समिति | प्रभारी | चेयरमैन |
|---|---|---|
| मैट्रीमोनियल समिति | श्री राजेश चेतन | श्री सुनील बंसल |
| कैंसर केयर समिति | श्री दिनेश गुप्ता | श्रीमती मीनाक्षी गर्ग |
| वस्तु-वस्त्र समिति | श्री संजय जैन | श्री संजय गुप्ता |
| बिजनेस पाठशाला | श्री प्रमोद शर्मा | श्री सचिन मेहता |
| पर्यावरण समिति | श्री सुशील गनोत्रा | श्रीमती पूजा बंसल |
| अपना घर आश्रम समिति | श्री हंसराज रलहन | श्री सांवरमल गोयल |
| अंगदान-नेत्रदान समिति | श्री सुनील अग्रवाल | श्री एन आर जैन |
| शिक्षा समिति | श्री पवन मोडा | श्री संजय जैन |
| टुरिज़्म समिति | श्री मनीष गोयल | श्री उमेश मित्तल |
| स्वास्थ्य समिति | श्री विनय सिंघल | श्री वरुण मित्तल |

**पाठकों: इस पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं। आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित हैं।**
**संपर्क: 9999305530, admin@ebhiwani.com**

## चेतन वाणी



**कवि राजेश चेतन**

हँसते - हँसते ख़ुशी मनाओ मेडिसन हो जाती है
इक दूजे को गले लगाओ मेडिसन हो जाती है

जंक फूड है ज़हर सरीखा, इसको खाना बंद करो
फल फ्रूट और सब्जी खाओ मेडिसन हो जाती है

घर से बाहर निकल पार्क में रोज़ाना टहलो घूमो
सूर्य देव को अर्घ्य चढ़ाओ मेडिसन हो जाती है

खाने - पीने में हो संयम, अल्पाहार ही स्वीकारो
व्रत - उपवास भी करते जाओ मेडिसन हो जाती है

लगातार बैठे रहने से क्षमताएँ घट जाती हैं
एक्सरसाइज को अपनाओ मेडिसन हो जाती है

एकाकी जीवन क्यों जीना, काहे मुँह को लटकाना
खुलकर यारों से बतियाओ मेडिसन हो जाती है

रात - रात भर जगते रहना इंसानों का काम नहीं
सही नींद ले ख़्वाब सजाओ मेडिसन हो जाती है

भूत - भविष्य की चिंता छोड़ो, जो होना सो होना है
वर्तमान की महिमा गाओ मेडिसन हो जाती है

## व्रत-त्योहार — दिसंबर | 2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्पन्न एकादशी | शुक्रवार 8 | बैकुंठ एकादशी | शनिवार 23 |
| प्रदोष व्रत (कृष्ण) | रविवार 10 | प्रदोष व्रत(शुक्ल) | रविवार 24 |
| भौमवती अमावस्या | मंगलवार 12 | पूर्णिमा | मंगलवार 26 |
| मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती | शुक्रवार 22 | संकष्टी गणेश चतुर्थी | शनिवार 30 |